हवन-पूजन के बाद

विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । गणेश चतुर्थी से विराजमान हुए भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं डोल ग्यारस के बाद शनिवार को अनंत चर्तुदशी के मौके पर नदी और सरोवरों में विसर्जित कर दी गईं।

आसन, क्वारी सहित अन्य नदियों के घाटों पर पुलिस रही तैनात

इसके साथ ही गणेशोत्सव का समापन हो गया। प्रतिमा विसर्जन से पहले गणेश भक्त मंडलों द्वारा तड़के हवन-पूजन किए, जिसके बाद भंडारों का आयोजन किया गया।

यहां बता दें कि मुरैना शहर सहित जिलेभर में 400 से अधिक जगहों पर गणेश पांडाल सजाई गई थीं। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए महोत्सव के दौरान कुछ गणेश भक्त मंडलों द्वारा डोल ग्यारस यानि बुधवार को प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया था। शनिवार को अनंत चर्तुदशी के मौके पर पांडालों में विराजमान गणेश प्रतिमाओं की भक्तों ने सुबह आरती उतारी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार कर बैंड-बाजों के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ जुलूस निकाले। जिसके बाद शहर के नजदीक स्थित क्वारी और आसन नदियों में प्रतिमाओं को प्रवाहित को किया गया।

मंदिर, पांडालों में हुए भंडारे, अन्नकूट प्रसादी बांटी : गणेश महोत्सव के समापन पर शहर में जगह-जगह हवन-पूजन हुए और अन्नकूट प्रसादी बांटी गई। इस दौरान लंबी-लंबी कतारों में श्रद्धालुओं ने प्रसादी गृहण की और भजन कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता की। मुरैना शहर में मुख्य बाजार के अलावा गणेशपुरा, गोपालपुरा, महावीरपुरा, उत्तमपुरा, न्यू हाउसिंग बोर्ड, पुरानी हाउसिंग बोर्ड सहित पोरसा, अंबाह, जौरा, कैलारस, सबलगढ़, रामपुरकलां, पहाड़गढ़ और बानमोर कस्बे में भी गणेश महोत्सव का पूरी श्रद्धाभाव के साथ समापन हुआ।

जौरा में भी अनंत चतुर्दशी पर हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

कस्बा जौरा के बनिया पाड़ा में श्री गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में 10 दिवसीय भव्य गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार को अनंत चतुर्दशी के मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया। जिसके बाद शोभायात्रा निकालते हुए श्रीजी की प्रतिमा को विजर्सन के लिए सिकरौदा स्थित नदी के घाट पर ले गए। जहां पूजा-पाठ के बाद गणेण प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

चैक पॉइंट पर बाइक रोकने के प्रयास में आरक्षक जखमी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । चैकिंग पॉइंट पर बाइक सवार तीन युवकों को रोकने की कोशिश करते समय ट्रैफिक पुलिस का आरक्षक सड़क पर गिरकर जखमी हो गया। आरक्षक को

शुक्रवार की शाम को केएस चौराहे पर हुई घटना

जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा एनएच-44 हाईवे स्थित केएस चौराहे पर शनिवार की शाम को हुआ।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को यातायात पुलिस की टीम केएस मिल चौराहे पर चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान चौराहे से बाइक पर सवार होकर गुजर रहे तीन युवकों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने बाइक को दौड़ाना शुरू कर दिया।

ड्यूटी पर तैनात आरक्षक मोहर सिंह राठौर 30 पुत्र मातादीन राठौर ने बाइक सवारों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वो पकड़ नहीं सका और संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरकर जखमी हो गया। हालांकि बाइक सवार युवकों को बाद में अन्य जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

चैक पॉइंट पर तैनात अन्य पुलिस के जवानों ने जख्मी आरक्षक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

तर्पण के साथ पितृपक्ष आज से शुरू

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । अश्विन मास के कृष्णपक्ष की पूर्णिमा से शुरू होने वाला पितृपक्ष आज रविवार से शुरू हो रहा है। पूर्णिमा के अवसर पर पितरौ को जल तर्पण कर ब्रह्मभोज का यह पक्ष इस बार 15 दिन का होगा। 21 सितंबर को सर्वपितृ अमावस्या को आखिरी तर्पण के साथ पितृपक्ष का समापन होगा। पं. जितेन्द्र शास्त्री के अनुसार तर्पण के दौरान सभी लोग अपने पितरौं के तर्पण सूर्योदय के आधा घंटा पूर्व से आधा घंटा बाद तक नदी के घाट, तीर्थ स्थान या कुएं के घाट पर अथवा अपने घर पर भी कर सकते हैं। शास्त्री के अनुसार पितरौं के मोक्ष हेतु तर्पण कर ब्रह्मभोज का यह क्रम आदिकाल से चला आ रहा है।

कैस करें पितरौं को तर्पण : तीन कुशा वाली पवित्री दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली में तथा दो कुशा वाली बायें हाथ की अनामिका अंगुली में पहनकर 7,11,21 कुशाओं को हाथ में लेकर जल में काले तिल व जौ मिलाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके जल तर्पण करना चाहिये।

आज बानमोर में 5 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

मुरैना, 6 सितंबर । कस्बा बानमोर में आज 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि 7 सितंबर को अति आवश्यक सुधार कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। जिससे पवाया रोड, आश्रम वाली गली, नगरपालिका रोड, फड़ का पुरा, फूलगंज, स्टेशन रोड, सदर बाजार, सब्जीमंडी क्षेत्र, विजयनगर, स्लीपर फैक्टरी रोड, शांति नगर, सक्सैना का पुरा, बुद्धीपुरा, मंत्री साहब के फॉर्म हाऊस, बुद्धीपुरा साइड के होटलों की सप्लाई प्रभावित रहेगी। विद्युत कटौती के समय को आवश्यकतानुसार घटाया और बढ़ाया जा सकता है।

मारुति वैन की टक्कर से बाइक सवार दम्पति समेत मासूम जखमी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । सरायछौला क्षेत्र में बाबा देवपुरी मंदिर पर दर्शन करने के बाद अंबाह जा रहे बाइक सवार दंपत्ति और 4 साल के मासूम

अंबाह बायपास रोड पर शनिवार की दोपहर हुआ हादसा

बच्चे को मारुति वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत मासूम जख्मी हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबाह बायपास रोड पर होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार अंबाह क्षेत्र के ग्राम भौनपुरा में रहने वाला अशोक कुमार 33 पुत्र पुरुषोत्तम सिंह शनिवार को पत्नी ज्योति और 4 साल के पुत्र राहुल को साथ लेकर बाइक से बाबा देवपुरी मंदिर पर दर्शन करने के लिए गया हुआ था। सरायछौला क्षेत्र स्थित मंदिर पर दर्शन करने के बाद अशोक, बाइक पर पत्नी और पुत्र के साथ गांव लौट रहा था। इसी दौरान अंबाह बायपास रोड से गुजरते समय लालौर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक मारुति वैन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे तीनों जख्मी हो गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

लॉयन्स क्लब एलीट ने मनाया राधाष्टमी महोत्सव

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । समाजसेवी संस्था लॉयन्स क्लब एलीट द्वारा राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन विगत दिवस स्थानीय होटल राज पैलेस में किया। महोत्सव का शुभारंभ राधारानी के बाल स्वरूप की मनमोहक रूप में ढोल-नगाढ़ों के साथ एन्ट्री से हुआ।

महोत्सव में क्लब की सदस्य पूजा सिंहल-सपना सिंहल ने राधा-कृष्ण के रूप में प्रस्तुति दी। जबकि अन्य महिला सदस्यों ने गोपियों का रूप धारण किया हुआ था। क्लब की अनीता गर्ग, पूजा सिंघल, सपना सिंघल, एकता गोयल, सुरभि मित्तल, रिषिका गर्ग, मानवी गर्ग ने राधा-कृष्ण की थीम पर आधारित नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। क्लब की अध्यक्ष भारती मोदी ने बताया कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा और यादगार था। कार्यक्रम की संयोजक अनीता गर्ग और सरिता गर्ग रहीं। इस मौके पर डॉ. रितु राठी, इंजी. नीता बांदिल, ज्योति मोदी, मयूरी गुप्ता, डॉ. अनुभा माहेश्वरी, डॉ. अनुपमा गर्ग, डॉ. संध्या गोयल, मीता गर्ग, हेमलता मोदी, प्रभा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रानी अग्रवाल, ममता बंसल, श्वेता गोयल, पारुल गुप्ता, पूजा शर्मा, अंशुल गोलश, अनुराधा गर्ग, अंजना शिवहरे, मिनी गर्ग, रितु गर्ग, नैन्सी मंगल आदि उपस्थित थे।

सम्मान के बदले मूल्यवान नागरिक लौटाता है शिक्षक

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । शिक्षक दिवस के अवसर पर बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा

शिक्षक दिवस पर बिस्मिल फाउंडेशन ने 51 शिक्षकों को किया सम्मानित

जिलास्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डाइट परिसर में हुआ। कार्यक्रम में 51 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एपीसी हीरेन्द्र तोमर मौजूद रहे। अध्यक्षता डाइट प्राचार्य डॉ. एसएस तोमर ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 51 शिक्षकों को शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें डॉ. शंकर सिंह तोमर, डॉ. एसपी सारस्वत, रवींद्र सिंह तोमर, रामनिवास शर्मा, शंभू सिंह सिकरवार, धर्मसिंह पोरसा, बिहारी सिंह, रश्मि अग्निहोत्री, सतंजय मिश्रा प्रमुख थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीईओ कमलेश भार्गव ने कहा कि जिस प्रकार बीज और मिट्टी का संबंध होता है, उसी प्रकार शिक्षक और समाज का संबंध है।

समाज जिस संस्कृति, संस्कार और मूल्यों को जीता है, वही वातावरण शिक्षक को भी प्राप्त होता है। समाज शिक्षक को सम्मानए आदर्श और प्रेरणा देता है तो निश्चय ही शिक्षक भी समाज को कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और मूल्यवान नागरिक लौटाता है। अंत में आभार प्रदर्शन विमलेश यादव ने किया। इस अवसर पर रघुराज परमार, रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, डॉ. हरेंद्र तोमर, रामनरेश सिंह, जगमोहन सेमिल, कुलदीप कुलश्रेष्ठ, तिलक सिंह, रूपसिंह, विनोद सिकरवार, गिरीश शर्मा, विनोद शर्मा, कमलेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, शिवराज जालौन, रामबरन शर्मा, भारत सिंह सिकरवार, मनमोहन सिंह, अजय राजपूत सहित दो सैकड़ा शिक्षक उपस्थित थे।

एक नजर में

अंर्तराष्ट्रीय हिंदू परिषद का श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम आज से

मुरैना, 6 सितंबर । अंर्तराष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम का आयोजन आज 7 अगस्त से नैनागढ़ रोड की गली नंबर-3 स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ पर होगा। कार्यक्रम का आयोजन 7 सितंबर से 21 सितंबर तक प्रतिदिन दो पालियों में होगा। पहली पाली सुबह 5 बजे से 7 बजे तक और दूसरी पाली 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम में आचार्य सत्यराम शर्मा, रामकुमार शर्मा द्वारा तर्पण कराया जाएगा। गायत्री परिवार संघ के अध्यक्ष दाताराम मंगल, कुबेरचंद्र गर्ग ने पितृ तर्पण में शहर के नागरिकों से शामिल होने का आव्हान किया है।

चित्रगुप्त समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 2 अक्टूबर को

मुरैना। चित्रगुप्त समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 2 अक्टूबर को होगा। यह निर्णय विगत 30 अगस्त को संपन्न हुई चित्रगुप्त समाज की कार्यकारिणी की बैठक में हुआ। बैठक का आयोजन संस्था के अध्यक्ष डीके भटनागर एडवोकेट के गोपालपुरा स्थित निवास पर हुआ। बैठक में हुए निर्णय के अनुसार 2 अक्टूबर को पूर्व पीएम स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर दोपहर 2 बजे सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष श्री भटनागर ने बताया कि कायस्थ समाज के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने बोर्ड परीक्षा अथवा स्नातक, स्नातकोत्तर कक्षाओं में इस वर्ष 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं, उनको सम्मानित किया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी अपनी अंकसूची की छायाप्रति 25 सितंबर तक संस्था के कार्यालय अथवा किसी भी कार्यकारिणी सदस्य को भेज सकते हैं। इस समारोह में विगत अप्रैल और मार्च-2025 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा। संपन्न हुई बैठक में नरेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, राकेश भटनागर, राजीव सक्सैना, अतुल भटनागर, अशोक श्रीवास्तव, राजेश कुलश्रेष्ठ, संजीव सक्सैना, प्रशांत कुलश्रेष्ठ, अनिल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

शिक्षकों का सम्मान ही वास्तव में समाज का सम्मान : सक्सैना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की सीख देने के साथ उनके भविष्य को गढ़ने का का काम करते है। शिक्षकों का

जिलास्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षक हुए सम्मानित

सम्मान ही सच्चे मायनों में समाज का सम्मान है। यह बात जिला शिक्षाधिकारी एसके सक्सैना ने कही। श्री सक्सैना, शुक्रवार को शिक्षक दिवस के मौके पर आयोजित जिलास्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

यह सम्मान समारोह जीवाजीगंज स्थित ई-लाइब्रेरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एसएस तोमर, जिला सांख्यिकी अधिकारी विजय प्रताप तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जो अपने विद्यालयों में कर्तव्य पालन के साथ ब्लॉक की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। ऐसे सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में पोरसा से धर्मसिंह तोमर, अंबाह से प्रमोद आरोलिया, मुरैना से संतोष शर्मा, पहाड़गढ़ से मुरारीलाल धाकड़, सबलगढ़ से राजेन्द्र प्रसाद शर्मा शामिल थे। इस मौके पर जिलास्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में प्रथम स्थान पाने वाले शिक्षक डॉ. राकेश कुमार शर्मा, शिक्षिका श्रीमती कविता त्रिपाठी अंबाह को भी सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें शॉल-श्रीफल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश कुमार शर्मा एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक शिक्षाधिकारी एसएस तोमर ने किया।

इनर व्हील क्लब का ध्येय जरूरतमंद बेटियों की मदद करना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 6 सितंबर । इनर व्हील क्लब का ध्येय केवल समाजसेवा का कार्य करना ही नहीं है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु मदद भी करना है। क्लब से जुड़े लोगों के यहां कार्यरत किसी कर्मचारी की बेटी के विवाह को क्लब के सदस्य अपनी बेटी के विवाह के समान समझते है और सहयोग प्रदान करते है।

यह बात इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता अतुल माहेश्वरी ने कही। सहयोग की कड़ी में क्लब ने अभिनव पहल करते हुए इनर व्हील क्लब के परिवार के किसी सदस्य के यहां कार्यरत

महिला सदस्यों ने गरीब परिवार की बेटी की शादी को दिया सहयोग

श्रीमती किरन बाथम की बेटी कु. भानवी बाथम निवासी संजय कॉलोनी के विवाह के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया। क्लब की सभी बहनों ने विवाह हेतु आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं, गृहस्थी के सामान एवं शुभ शगुन स्वरूप अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। इस मौके पर सचिव साक्षी गोयल, कोषाध्यक्ष अंजली जैन, डॉ. सुधा माहेश्वरी, डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. मीरा प्रेमी, रंजीता शिवहरे, सुरुचि माहेश्वरी, राधिका माहेश्वरी, एकता माहेश्वरी, सुमन भदौरिया, अनीता किंगरानी, संगीता गर्ग, नेहा गुप्ता, प्रमिला अग्रवाल, नीरज गुप्ता, प्रतीक्षा बांदिल, स्वाति मंगल, पूजा मोदी, माधुरी मित्तल आदि ने मिलकर अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

आम सूचना

श्री शिवराम पुत्र श्री सोवरन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड स्थित परशुराम कॉलोनी, काशीपुर मजरा के पास, ग्राम बड़ोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.03 (कबीर वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.109/1/2 ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1410 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-रास्ता 25 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि श्री बलवीर एवं अन्य, उत्तर में-भूखण्ड श्री पंचम शर्मा एवं दक्षिण में-भूमि स्वामी है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री गिर्राज शर्मा पुत्र श्री काशीप्रसाद एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गिर्राज शर्मा द्वारा उक्त सम्पति श्री शिवराम पुत्र श्री सोवरन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 27 आईजीआर 17912024ए100084619 दिनांक 26.12.2024 से विक्रय की गई। श्री शिवराम द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वितीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी श्री मदनमोहन शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन क्र.141, स्थित हाईस्कूल 02 के पास, ग्राम बड़ोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.32 (गणेश वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.757/1 ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 698 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भवन श्री बृजनंदन, पश्चिम में-भवन श्री लक्ष्मीकांत, उत्तर में-भवन श्री सियाराम एवं दक्षिण में-रास्ता 15 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री मूलचंद दत्तक पुत्र श्री बुलाखीराम माहौर द्वारा श्री मातादीन शर्मा पुत्र श्री ग्यासीराम शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 1935 दिनांक 19.08.1965 से विक्रय की गई। श्री मातादीन शर्मा द्वारा अपने भाग की सम्पति के संबंध में श्री मदनमोहन शर्मा, श्री जुगल किशोर शर्मा, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, श्री महेश शर्मा पुत्रगण श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा एवं श्री संस्कार शर्मा पुत्र श्री बृजनंदन शर्मा के हित में नोटराईज्ड वसीयतनामा विलेख सीरियल क्र.132 नोटरी श्रीमती अर्चना बाजपेई के समक्ष दिनांक 15.11.2018 को सम्पादित किया गया। श्री मातादीन शर्मा का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख दिनांक 15.11.2018 के अनुसार, श्री मदनमोहन शर्मा, श्री जुगल किशोर शर्मा, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, श्री महेश शर्मा पुत्रगण श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा एवं श्री संस्कार शर्मा पुत्र श्री बृजनंदन शर्मा उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं नगर पालिका निगम मुरैना में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री मदनमोहन शर्मा एवं श्री जुगल किशोर शर्मा द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी श्री मदनमोहन शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी27आईजीआर 17912024 ए100711340 दिनांक 12.08.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती अर्चना शर्मा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वितीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री मातादीन शर्मा के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710